# प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरतें अधिकारी : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 31 मार्च. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।**

**लापरवाही पर पटवारी को निलंबित करने के निर्देश**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं**



कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का पूरी निष्पक्षता से समाधान किया जाएं। शासकीय कर्मचारियों द्वारा प्रभाव और अनावश्यक देरी जनहित में कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा। जनसुनवाई में भीमपुर निवासी मनसा बाई ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके खेत में लगी खड़ी फसल को अनावेदक द्वारा काट लिया गया है।

जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार भीमपुर से प्रकरण की जानकारी ली और आवेदक मनसा बाई की कृषि भूमि का पुनः सीमांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदक को आश्वस्त किया कि सीमांकन करने उपरांत अगर उनकी कृषि भूमि की फसल काटी गई है तो संबंधित खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और राहत भी उपलब्ध कराई जाएगी। जनसुनवाई में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन और संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अभिलेख दुरुस्ती के दिए निर्देश :** जनसुनवाई में चिचोली निवासी गोरेलाल ऊईके ने बताया कि आवेदन देने के बावजूद अभिलेख दुरुस्ती नहीं की जा रही हैं, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार चिचोली को संबंधित ग्राम मंगरौली के पटवारी के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने और आवेदक की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

आठनेर तहसील के ग्राम में ऐनखेड़ा निवासी दिव्यांग आवेदक द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के आवेदन पर कलेक्टर ने एलडीएम को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई निवासी नितिन सतापे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके निवास के पास अनावेदक द्वारा अवैध भवन निर्माण किया जा रहा हैं। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार मुलताई को मौके पर जाकर शिकायत का परीक्षण करने और अवैध निर्माण पाए जाने पर कार्यवाही कर हटाने के सख्त निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम सल्लेया निवासी रामकिशोर साहू के अवैध कब्जे के आवेदन पर तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को शिकायत की जांच कर समाधान के निर्देश दिए। ग्राम जमन्या निवासी नेहरू सूर्यवंशी के मकान बनाने में बाधा उत्पन्न करने के आवेदन पर कलेक्टर ने भीमपुर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

### राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आमला निवासी लक्ष्मण श्यामलाल ने मौजा पास्तलाल के राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने के सम्बन्ध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने सुनवाई कर एसडीएम आमला को प्रकरण का त्वरित निराकरण करने तथा सम्बन्धित तहसीलदार रीडर की विरुद्ध कार्यवाही कर एक वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने आमला एसडीएम को जनसुनवाई में आए आवेदक शकुन मानकर की बीपीएल कार्ड बनाने की समस्या का समाधान करने, वहीं आवेदक भवानी सिंह के रास्ता विवाद का भी समाधान करने के निर्देश दिए।

## अग्निवीर भर्ती : आवेदन की अंतिम तिथि 10

**बैतूल।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर पदों पर चयन के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू है, जो 10 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करना होगा। तिथियों में किसी भी प्रकार का बदलाव वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून 2026 के बीच संभावित रूप से किया जाएगा। हालांकि परीक्षा की अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी।

### एक नजर में

#### हनुमान जन्मोत्सव पर हुई शांति समिति की बैठक

**मुलताई।** पवित्र नगरी में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाए जाने को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार संजय बरैया, एसडीओपी एस के सिंह,टीआई नरेंद्र सिंह परिहार, एसडीओ पीडब्लूडी सुनील सोलंकी, उपयंत्री डीएस करमकार, बिजली कंपनी के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य, बजरंगदल के सदस्य उपस्थिति थे। बैठक मे नगर के मुख्य मार्ग पर दुर्घटना संभावित स्थल पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का निर्णय लिया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों का आयोजन एवं शोभायात्रा मे सुरक्षा व्यवस्था बनाए जाने एवं प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। तेज आवाज मे नही डीजे बजाने का निर्णय लिया गया। ध्वनि विस्तारक यंत्रो धुमाल का प्रयोग निर्धारित डेसिबल पर करने का उपयोग किया जाए। जुलुस मे हथियार एवं जवळन शील पदार्थो का उपयोग ना करे। बिजली के तारों के नीचे ध्यान दे। भडकाऊ गाने ना बजाए, मदिरा एवं अन्य नशा करने से बचे। शोभायात्रा रूट पर स्थाई रूप से खडे वाहनों को हटवाए जाए।

#### नागझीरी में उत्साह के साथ मनाया वार्षिक उत्सव

**भैंसदेही।** पूर्णा नगरी स्थति नागझीरी संस्थान में आज चमत्कारिक संत श्री श्री 1008त्रिवेणी भारती नागा दादा की 77वी पुण्यतिथि पर वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस वार्षिक उत्सव के अंतिम चरण में आज दादानाम संकिर्तन (इक्का)की समाप्ति के साथ महाआरती की गयी। महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने नागझिरी पहुंच संत श्री नागा दादा की समाधी पर माथा टेका और धुनी में नारियल पेश कर अपनी आस्था प्रकट की। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र का सबसे बड़ा भंडारा कहा जाता हैं और प्रति वर्ष इस वार्षिक उत्सव में सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं और महाप्रसादी प्राप्त करते हैं। संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा झाड़े, सहित राजू जोशी, प्रकाश घानेकर, भाऊराव साकरे, सदानंद सराफ, मनोहर राजूरकर,संजू मोहने, सहित संरक्षण मंडल और समिति सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओ का अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया है।

## बैतूल में हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

**बैतूल।** हनुमान जन्मोत्सव के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस ने विशेष यातायात योजना लागू की है। 2 अप्रैल को होने वाले धार्मिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस के अनुसार, शहर के गंज क्षेत्र को शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक नो व्हीकल और नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इस अवधि में किसी भी वाहन के प्रवेश या पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित क्षेत्र में खड़े पाए गए वाहनों को टोइंग वैन से हटाया जाएगा और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। रथ यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों के कारण भारी, मध्यम और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे वाहनों का प्रवेश कई प्रमुख मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा। इनमें आंबेडकर चौक से कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए फांसी खदान मार्ग और राजा भोज चौक से गंज जाने वाला रास्ता शामिल है। शहर में यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। माचना ब्रिज, भगत सिंह चौक, कॉलेज चौक, गुप्ता मॉल, आभाश्री होटल और बाबू चौक जैसे प्रमुख बिंदुओं से वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। बडोरा और रामनगर अंडरब्रिज की ओर से आने वाले वाहनों के लिए भी अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। गंज बस स्टैंड तक जाने वाली यात्री बसों को भगत सिंह चौक तक ही सीमित रखा जाएगा। रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए भी अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि हनुमान जन्मोत्सव का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से हो सके।



## घायल युवक ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 31 मार्च. नेशनल हाईवे पर बरेठा घाट में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दरअसल इस हादसे में भैयालाल पंद्रम ( 22 ) गंभीर रूप से घायल हो गये थे।**

जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे बरेठा घाट के पहले मोड़ पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के समय दोनों युवक सिंगार चावड़ी गांव से बकतरा जा रहे थे। इस दुर्घटना में गुम्मा ढाणा निवासी जगदीश नर्रे

**तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को मारी थी टक्कर**

**पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा**

की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि भैयालाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में भैयालाल के दाहिने पैर की फीमर बोन टूट गई थी और चेहरे पर भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें 108 एम्बुलेंस से शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। आईसीयू में इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। सोमवार को जगदीश का पोस्टमार्टम शाहपुर में कर शव परिजनों को सौंप दिया गया था। भैयालाल के शव का भी पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पता चल पायेगा कि किस वाहन से दुर्घटना हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## सती अनुसया माता के पारडसिंगा से चरण पादुका पहुंचे मुलताई

**नवभारत न्यूज**

**मुलताई, 31 मार्च. सती अनुसया माता मंदिर पारडसिंगा काटोल महाराष्ट्र स्थित मंदिर से माँ अनुसया के चरण पादुका का प्रथम बार दर्शन हेतु मुलताई के नेहरू वार्ड अनुसया मंदिर आगमन हुआ।**

अनुसया सेवा संगठन अध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि सती अनुसया माता के चरण पादुका मुलताई पहुंचने पर हजारों भक्तों ने भव्य स्वागत कर दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नेहरू वार्ड अनुसया माता मंदिर पुजारी मुन्नालाल साहू ने बताया प्रति वर्ष अनुसया माता मंदिर पारडसिंगा से माता के चरण पादुका भक्तों के दर्शन के लिए एक माह के लिए निकाले जाते है, जिन्हे विभिन्न जिलों एवं प्रांतों में भ्रमण कराया जाता है। इस वर्ष मां अनुसया के चरण पादुका का मुलताई में प्रथम बार आगमन हुआ इस अवसर पर सभी भक्तों ने पूजा अर्चना भजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुसया माता के चरण पादुका एक माह तक भ्रमण कर 5 मई को माँ अनुसया के जन्मोत्सव पर मंदिर पहुंचते है। चरण पादुका के हजारों लोगों ने दर्शन कर दर्शन लाभ लिया

## चोरी के मामले में पकड़ाया फरार बदमाश

**बैतूल।** बोरदेही पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बैतूल के गंज थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ पहले से 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 मार्च को नरेरा निवासी अभिराम कुमरे ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके सूने मकान से 20 हजार रुपये चोरी हो गए थे। इस शिकायत के आधार पर बोरदेही थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी ने एक विशेष टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 31 मार्च को आरोपी अमन उर्फ चमन (26) को गिरफ्तार कर लिया। अमन चुन्नीढाना, गंज का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अमन के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट, छेड़छाड़ और आर्म्स एक्ट सहित कुल 18 मामले दर्ज हैं। वह संपत्ति संबंधी अपराधों का आदतन अपराधी है और गंज थाने का निगरानी बदमाश भी है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई राशि में से 2 हजार रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में एक अन्य आरोपी रोसू उर्फ बारीक अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



## बाइक रैली निकाली, हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों का शुभारम्भ

**मुलताई।** बजरंग दल मुलतापी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी पुर्ण कर ली। जिसके चलते नगर को भगवामय किया गया। मंगलवार को मातृशक्ति दूर्गा वाहिनी एवं बजरंगियो द्वारा जय श्रीराम के जयकारो के साथ भव्य वाहन रैली निकाली गई। वहीं 1 अप्रैल बुधवार को शाम 5 बजे से भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं महाआरती, रंगारंग आतिशबाजी का कार्यक्रम संपन्न होगा।

बुधवार 2 अप्रैल को नगर में आकृषक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरेगी. इस वर्ष भी नई सुन्दर झाकिया शोभायात्रा मे शामिल होंगी। इस अवसर पर शहर में पहली बार सुप्रसिद्ध धुमाल जय मां अंबे धुमाल ग्रुप द्वारा भव्य शोभायात्रा में शानदार बेंड बाजे से प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान क्षेत्र सहित महाराष्ट्र के बजरंग दल के बजरंगी शामिल रहेंगे एवं नागपुर नाके भाजपा भवन के सामने भी बजरंग दल द्वारा मंच पर आकर्षक झांकियों सजाई जा रही है। बजरंग दल ने सभी श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन

**मुलताई।** पवित्र नगरी मे पारेगांव रोड गायत्री नगर मे अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री मुलताई के सहयोग से राष्ट्र के नव निर्माण एवं सुख शांति शान्ति समृद्धि के लिए 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा 3 अप्रैल 2026 से 7अप्रैल 2026 तक सम्पन्न होगी। जिसके लिए यज्ञ शाला निर्माण हेतु सोमवार को कार्यक्रम स्थल पारेगाव रोड गायत्री नगर मुलताई में गायत्री परिवार के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्पत राव धोटे, नारायण देशमुख,यादोराव निंबालकर, सुरेश माकोड़े, रामकिशोर शिवहरे, सुरेश पठड़े, रामसिंह अडभुते,हेमराज डडोरे, श्यामराव बारस्कर,रामराव साहु, अनिल परिहार,नामदेव चिलहाटे, डॉ रामदास गढ़ेकर सहित कमला धोटे,सोना चिल्हाटे, उर्मिला देशमुख,मीरा अजमेरे आदि बहनों की उपस्थित में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक गुलाब राव चिल्हाटे,वंदना चिलहाटे ,दुर्गेश चिलहाटे लीना चिल्हाटे,द्वारा भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन वैदिक पद्धति से पंडित योगेश साहू द्वारा कराया गया। भूमि पूजन के पश्चात यज्ञ स्थल पर यज्ञ कुंडों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी नारायण देशमुख ने बताया 3 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को यज्ञ स्थल से विशाल कलश यात्रा दोपहर 3 बजे से निकाली जाएगी, जो नगर के बैतूल रोड से होते हुए मां ताप्ती की परिक्रमा कर फव्वारा चौक होते हुए बस स्टैंड से पारेगाव रोड होते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचेगी । इस कलश यात्रा को एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुलताई ,प्रभात पट्टन से सभी शक्तिपीठों प्रज्ञा पीठों,नव चेतना केंद्रों, प्रज्ञा मंडलों महिला मंडलो युवा मंडल के भाई बहनों से कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह किया गया है।

## पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** मुलताई पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वाहन भी बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च को प्रभात गश्त के दौरान नागपुर नाका क्षेत्र में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भूरी टी-शर्ट पहने हुए पट्टन रोड से मुलताई की ओर मोटर सायकल के साथ घूम रहा है एवं उसे बेचने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा अमरावती रोड ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति काले-स्लेटी रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर सायकल (बिना नंबर प्लेट, सामने का मास्क टूटा हुआ) लेकर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव पिता कवडु भलावी, उम्र 30 वर्ष, जाति गोंड, निवासी बरूड (महाराष्ट्र) बताया। वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने तथा नंबर प्लेट न होने के कारण वाहन चोरी का संदेह होने पर उक्त मोटर सायकल को मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड बीएनएसएस एवं धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी से एक मोटर सायकल (हीरो स्प्लेंडर प्लस) अनुमानित कीमत 50,000 भी जब्त की है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक गजराज अजनेरिया, आरक्षक अरविंद पटेल एवं आरक्षक अजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## बीवीपी मुलताई के पुन : अध्यक्ष बने प्रशांत भार्गव

**बैतूल।** प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं प्रान्त शाखा विस्तारक एवं समन्वयक राजीव खंडेलवाल के पर्यवेक्षण में मां ताप्ती शाखा मुलताई का निर्वाचन कार्य सोमवार को संपन्न हुआ। इस वर्ष पुनः 2025-26 के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष को पुनः सेवा सत्र 2026-27 हेतु शाखा सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया । जिसमे अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, उपाध्यक्ष भारत भूषण चौधरी, सचिव कन्हैया सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव, महिला प्रमुख माधुरी साबले,सहसचिव मुकेश जैन, सहकोशाध्यक्ष संदीप तारे, संस्कार संयोजक राहुल भार्गव, सम्पर्क संयोजक रविप्रकास खडके,सेवा संयोजक दीपेश बोथरा, पर्यावरण संयोजक प्रवीण जैन.नेत्र शिविर प्रमुख डॉ.राजेंद्र ठाकुर,एनीमिया प्रमुख डॉ. संदीप बर्डे,ब्लड डोनेशन प्रमुख डॉ. अंकुश भार्गव, भारत को जानो प्रमुख राजेश्वर बुआडे, राष्ट्रीय समूहगान प्रमुख मितेश गुलतकर, गुरु वंदन छात्र अभिन्दन प्रमुख मनोज उइके, प्रचार प्रमुख गजानन कवड़कर, गरीबी उन्मूलन प्रमुख गिरीश मगरदे, मिडिया प्रमुख प्रशांत भार्गव की नियुक्ति की गई बैठक मे परिषद के वरिष्ठ सदस्य तपन खंडेलवाल, देवेंद्र धोपा?, संदेश जैन एवं प्रांतीय संस्कार प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल जिला समन्वयक राजीव जी जैनसी. एस. चंदेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मुलताई उपस्थित थे। मां ताप्ती शाखा मुलताई के सभी सदस्यों एवं नवनिर्वाचित दायित्वधारियों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।




## चिचंडा में आग लगने से पशु चारा एवं पेड़ जला

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम चिचंडा मे मंगलवार की दोपहर एक किसान के खेत मे रखे पशु चारे एवं पेड़ में अचानक आग लगने से पशु चारा एवं पेड़ जल गया। नगर पालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया मंगलवार की दोपहर ग्राम चिचंडा मे शंभू परिहार के खेत मे पशु चारा, पेड़ में आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एवं आग बुझाई गई।पीड़ित किसान ने बताया हर साल पड़ोसी महुआ के लिए अपने खेत में आग लगा कर चला जाता हैं,जो हवा से आस पास के खेत में फैल जाती है और हमारा नुकसान हो जाता हैं। आग की चपेट मे आने से पास में रखी गेहूं की खरई को बचा लिया। लेकिन पशु चारा जलकर राख हो गया।



## 40 किराएदारों का 7 गुना बढ़ाया किराया

**आठनेर। बैतूल रोड एवं आठनेर मुलताई रोड पर स्वयं के खर्चे पर बनाए गए परिसर की दुकानों का किराया अचानक 7 गुना बढ़ाए जाने पर परिसर के सभी 40 दुकानदारों में जोरदार आक्रोश बना हुआ है।**

**किराया बढ़ाने से दुकानदारों में आक्रोश**

**7 गुना किराया बढ़ाकर किया 2000 रुपये**

सभी व्यापारियों ने नगर परिषद कार्यालय में आज मंगलवार दोपहर 12 बजे पहुंचकर इसकी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रजापति से की है। परिसर के दुकानदार लखनलाल, सूर्य इरशाद, युवराज, पुरुषोत्तम चौहान रामदयाल लोखंडे भोज राव चलोकर दिनेश चौहान लीलाधर घूमने गणेश प्रसाद गुप्ता सब्बू खान रशीद भाई जाकिर भाई हरीश सुरे आदि ने बताया कि शासन प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन की सहमति से श्री शशि भूषण जायसवाल एवं श्री देवी राम राठौर द्वारा कांप्लेक्स निर्माण समिति का गठन कर उनके देखरेख में स्वयं के खर्चे पर 8/8 की छोटी दुकान तैयार की गई थी जिसका किराया प्रतिमा 300 तय किया गया था जिसके चलते गुमटियों में छोटी-मोटी दुकाने लगाकर सभी छोटे व्यवसायी अपना उदर पोषण कर रहे थे। व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि 300 से सीधे 7 गुना किराया बढ़ाकर 2000 किए जाने से विषम परिस्थितियों निर्मित हो गई है। व्यापारियों ने नियमानुसार किराया लेने की मांग की है।

